मुख्यमंत्री घोषणा के तहत निगम को हैंडओवर सभी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों का होगा विकास, महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में व महापौर परिषद के सदस्यों की मौजूदगी में आज महापौर परिषद की बैठक संपन्न हुई। महापौर परिषद से मंजूरी मिलने के बाद हाउसिंग बोर्ड एवं अन्य कॉलोनी जो नगर निगम को हस्तांतरित हुई है उनका आंतरिक विकास किया जाएगा। इसकी स्वीकृति आज महापौर परिषद ने दे दी है। हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनियों में नाली निर्माण , सड़क एवं लाइट, सेप्टिक टैंक निर्माण, सीवर लाइन, डीआई पाइप लाइन बिछाने का कार्य , मार्ग सीमेंटीकरण कार्य , डामरीकरण कार्य आदि किए जाएंगे। विकास कार्य करने के लिए 19 करोड़ 18 लाख का प्राक्कलन तैयार किया गया है। इसके चलते अब निगम को हैंडओवर कालोनियों का विकास होगा और हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले लोगों को सुविधा मिल पाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हाउसिंग बोर्ड एवं अन्य कॉलोनियों जो निगम को हस्तांतरित हुई है उनके आंतरिक विकास कराए जाने की घोषणा की थी। इन कार्यों को तत्परता से अमल करते हुए महापौर परिषद ने इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है और आज विकास कार्य को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा आज की बैठक में खुर्सीपार में सॉफ्टवेयर हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ के संचालन कार्य के तहत कार्य आदेश जारी करने व वैशाली नगर में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ के संचालन कार्य के लिए ईओआई जारी करने की अनुमति दी है। इससे भिलाई के हजारों लोगों को रोजगार मिल पाएगा। इस दिशा में महापौर परिषद तत्परता से कार्य कर रही है। महापौर परिषद की बैठक में खुर्सीपार गेट मार्ग , शास्त्री मार्केट मुख्य मार्ग, जलाराम मंदिर रोड, शर्मा आश्रम रोड, लोधी पारा मुख्य मार्ग , न्यू खुर्सीपार मिलन चौक एवं मशाल चौक के डामरीकृत मार्गों का चौड़ीकरण के कार्यों को स्वीकृति दी है। जोन क्रमांक 4 अंतर्गत केनाल रोड से छावनी चौक तक रोड का चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। इसकी मंजूरी भी महापौर परिषद से मिल गई है। इसके अतिरिक्त जोन क्रमांक 4 अंतर्गत शिवालय रोड, एनवी रोड, राकेश होटल रोड तथा वार्ड 48 के आंतरिक डामरी कृत मार्गों का चौड़ीकरण कार्य तथा जोन क्रमांक 1 अंतर्गत सुपेला चौक से राजेंद्र प्रसाद चौक तक डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य को एमआईसी से स्वीकृत कर दिया गया है। आज की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी , लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, आदित्य सिंह, मीरा बंजारे, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई तथा नेहा साहू मौजूद रही।